उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 587 संवाद–48 दिनांक /Date.: 18-09-20

विषयः– कोविड–19 संक्रमण के दौरान परीक्षाओं का आयोजन।

आयोग की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि कोविड–19 संक्रमण के कारण आयोग द्वारा परीक्षाओं के आयोजन को स्थगित रखा गया था। राज्य सरकार की अनुमति के उपरांत अब कोविड–19 संक्रमण के दौरान आयोग लिखित परीक्षाओं का आयोजन प्रस्तावित कर रहा है।

वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा शासनादेश संख्या–575/USDMA/712(2020) दिनांक 01 सितम्बर, 2020 के द्वारा Unlock–4 से संबंधित दिशा निर्देश जारी किये गये है, इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सशर्त स्वीकृति प्रदान की गयी है। आयोग द्वारा उक्त शासनादेश के अनुपालन में कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत आगामी लिखित परीक्षाओं के दौरान संक्रमण से बचाव हेतु किये जाने वाले उपायो से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी किये गये है जो कि अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध है। आयोग द्वारा भविष्य में आगामी निम्न परीक्षाओं का आयोजन भी उक्त दिशा निर्देशों के अनुरूप ही किया जायेगा।

आयोग द्वारा अक्टूबर से नवम्बर माह के मध्य निम्न परीक्षाओं को प्रस्तावित किया जा रहा है।

प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम

क्र.सं.	पद कोड	पदनाम
1.	133, 134	कनिष्ठ सहायक, आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक **(टंकण/आशुलिपि परीक्षा)**
2.	135	सहायक लेखाकार **(लिखित परीक्षा)**
3.	52	कनिष्ठ अभियंता(विद्युत एवं यांत्रिकी) **(पुनर्परीक्षा)**
4.	86, 84	आबकारी एवं प्रवर्तन सिपाही **(लिखित परीक्षा)**
5.	132	सहायक कृषि अधिकरी **(लिखित परीक्षा)**
6.	646/343/23/2020	पशुधन प्रसार अधिकारी **(लिखित परीक्षा)**
7.	131, 532/214/24/2020	कनिष्ठ अभियंता(सिविल) **(लिखित परीक्षा)**

अभी आयोग द्वारा परीक्षा केन्द्रों का चिन्हीकरण किया जा रहा है ऐसे में निर्धारित तिथियां कुछ समय बाद ही दी जानी संभव होंगी। यह सूचना इस दृष्टि से दी जा रही है कि अभ्यर्थियों को जानकारी रहे कि निकट भविष्य में ये परीक्षायें आयोजित होंगी और वे अपनी तैयारियां कर सकें।

उक्त लिखित परीक्षाओं का पाठ्यक्रम पूर्व में ही अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है वे पूर्व में जारी पाठ्यक्रमानुरूप अपनी तैयारी सुनिश्चित करें जिससे उन्हें लिखित परीक्षा में सुगमता हो।

आयोग द्वारा पूर्व में ही टंकण/आशुलिपि परीक्षा हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित किये जा चुके है। अतः अभ्यर्थी दिशा निर्देशों के अनुरूप ही टंकण/आशुलिपि परीक्षा की तैयारी करना सुनिश्चित करें जिससे उन्हें परीक्षा में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

18/9

(संतोष बडोनी)
सचिव